Printed Pages – 4

# J-268

## B.C.A. (Part-I) Examination, 2021

## (आधार पाठ्यक्रम)

## Paper - I

## हिन्दी भाषा

***Time Allowed : Three Hours***

***Maximum Marks : 75***

***Minimum Pass Marks : 25***

**नोट :** सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

**Q. 1.** (क) एक अच्छे पल्लवन के लिए विस्तारक में कौन-कौन से गुण होने चाहिए ? संक्षेप में लिखिए। **8**

**अथवा**

अनुवाद को सांस्कृतिक सेतु की संज्ञा दी जाती है, क्यों ? तर्क सहित उत्तर दीजिए।

(ख) ईदगाह कहानी का सारांश लिखिए। **7**

**अथवा**

मुंशी प्रेमचंद का संक्षिप्त जीवन परिचय दीजिए।

**Q. 2.** (क) निम्नलिखित वाक्यों के शुद्ध रूप लिखिए (कोई आठ) : **8**

(i) कुत्ता दरबान की तरह दुम हिलाता हुआ दरवाजे पर खड़ा रहता था।





(ii) पुस्तक को, जहाँ से ली थी, वहीं रख दो।

(iii) मैंने इसी गाड़ी से जाना है।

(iv) इसका तो कोई अर्थ नहीं होता।

(v) प्राणी मात्र पर दया करो।

(vi) उसकी सौन्दर्यता पर सब मुग्ध थे।

(vii) इस काम में बड़ा लाभ है।

(viii) मैं आपकी श्रद्धा करता हूँ।

(ix) साहित्य और जीवन का घोर संबंध है।

(x) इस दस वर्षों में देश ने काफी प्रगति की है।

**अथवा**

निम्नलिखित के तीन-तीन पर्यायवाची लिखिए (कोई आठ) :

(i) अमृत

(ii) अलि

(iii) उषा

(iv) कनक

(v) खग

(vi) जलज

(vii) जीवन

(viii) धन

(ix) फल

(x) रक्त

(ख) 'भारत वंदना' कविता का सारांश अपने शब्दों में लिखिए। **7**

**अथवा**

'शतमुख-शतरव' की व्याख्या कीजिए।

**Q. 3.** (क) देवनागरी लिपि की विशेषताओं पर विस्तार से प्रकाश डालिये। **8**

**अथवा**

अपठित गद्यांश से आप क्या समझते हैं ? अपठित गद्यांश के संक्षेपण या सारांश लेखन के समय किन-किन बातों को ध्यान में रखना आवश्यक होता है ? संक्षेप में लिखिए।

(ख) 'भोलाराम का जीव' व्यंग्य के माध्यम से लेखक ने भ्रष्ट प्रशासनिक व्यवस्था पर करारा प्रहार किया है।'' अपने विचार व्यक्त कीजिए। **7**

**अथवा**

'भोलाराम का जीव' व्यंग्य के माध्यम से लेखक क्या कहना चाहते हैं ? स्पष्ट कीजिए।

**Q. 4.** (क) 'सूचना-टेक्नॉलॉजी' के प्रमुख घटक कौन-कौन से हैं ? प्रत्येक का संक्षेप में वर्णन कीजिए। **8**

**अथवा**

कम्प्यूटर में हिंदी का प्रयोग कैसे होता है ? संक्षेप में लिखिए।





(ख) ''भारतवर्ष में सभी अनर्थों की जड़ है– जन साधारण की गरीबी।'' स्वामी विवेकानंद के इस कथन का भाव विस्तार कीजिए। **7**

**अथवा**

स्वामी विवेकानंद के अनुसार भारत में किस प्रकार शिक्षा का प्रसार होना चाहिए ?

**Q. 5.** (क) मानक हिंदी भाषा किसे कहते हैं ? इसके मुख्य लक्षणों का वर्णन कीजिए। **8**

**अथवा**

मानक, उपमानक और अमानक में अंतर बताते हुए मानक हिन्दी के महत्व पर प्रकाश डालिए।

(ख) सामाजिक गतिशीलता से क्या तात्पर्य है ? मध्यकाल में हुए बदलाव का उल्लेख कीजिए। **7**

**अथवा**

भारतीय समाज में सामाजिक संबंधों में क्या गतिशीलता आयी है ? उल्लेख कीजिए।